आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 08.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— बस्तर के आमाबाल गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के हर आदिवासी परिवार का जीवन बेहतर बनाना ही मोदी की गारंटी है।

2— लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत तीन संसदीय क्षेत्रों में इकतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में—आज पांच प्रत्याशियों ने लिया नाम वापिस।

3— सुकमा जिले में पुलिस ने आठ लाख रूपए के इनामी नक्सली सहित नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया।

4— मां दुर्गा की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र कल से होगा शुरू—देवी मंदिरों में नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी।

प्रधानमंत्री—बस्तर जनसभा

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के हर आदिवासी परिवार का जीवन बेहतर बनाना ही मोदी की गारंटी है। आज छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के छोटे आमाबाल गांव में आयोजित भाजपा की विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों का सपना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाना और देश के हर परिवार को समृद्ध बनाना ही उनका लक्ष्य है।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में केंद्र की भाजपा सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई। केंद्र सरकार ने गरीबों को उनका हक दिलाया है और छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

श्री मोदी ने कहा कि देश में पिछले दस सालों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन और आयुष्मान जैसी योजनाओं के कारण लोगों का खर्च कम हुआ है और इससे उनकी बचत बढ़ी है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी गरीबों की चिंता नहीं की।

जनसभा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी महेश कश्यप और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भोजराज नाग ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंत्रियों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमजन भी उपस्थित थे।

कांग्रेस—राधिका खेरा

वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेरा ने आज राजधानी रायपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार उद्योगपति हितैषी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने में नाकाम रही है।

नामांकन–नाम वापसी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में नाम वापसी के बाद इकतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन आज राजनांदगांव से चार और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से एक प्रत्याशी ने अपना नाम–निर्देशन पत्र वापस लिया। वहीं, कांकेर लोकसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। इस सीट पर नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

वहीं, राजनांदगांव में पन्द्रह और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से सत्रह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। इन लोकसभा सीटों के लिए छह हजार पांच सौ सड़सठ मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

निर्वाचन पदाधिकारी–समीक्षा बैठक

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बस्तर संसदीय क्षेत्र में होने वाले चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर श्रीमती कंगाले ने सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव को आपसी समन्वय से निष्पक्ष, पारदर्शी और बाधारहित तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

श्रीमती कंगाले ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बस्तर संसदीय क्षेत्र के अपने प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा जाकर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही कुम्हाररास में एक वरिष्ठ नागरिक के घर जाकर होम वोटिंग की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन भी किया।

गौरतलब है कि इस लोकसभा चुनाव में पचासी वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों को घर से वोटिंग की सुविधा दी गई है। इसके तहत मतदान दल उनके घर जाकर मतदान करा रहे हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज भिलाई स्थित शासकीय इंदिरा गांधी वैशाली नगर महाविद्यालय में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। साथ ही लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया।

उधर, मुंगेली में "शत–प्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान" कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र–छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने बैनर, पोस्टर और रोचक नारों के साथ रैली निकाली। इसके अलावा स्कूली बच्चों के बीच क्विज़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

वहीं, महासमुंद जिले में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिले के ग्राम पंचायत अमरकोट, बलौदा और तोषगांव के मनरेगा कार्य स्थल पर मजदूरों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

इधर, बिलासपुर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्काउट गाईड रोवर रेंजर्स द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसके तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रैली, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

माओवादी–गिरफ्तार

सुकमा जिले में पुलिस ने नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक माओवादी पर आठ लाख रूपए का इनाम घोषित था। गिरफ्तार सभी माओवादी किस्टाराम क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन माओवादियों पर कई बड़ी माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

एनसीआरटी–चेतावनी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन मामले में चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था कॉपीराइट अनुमति के बिना एनसीईआरटी पाठ्य–पुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करती है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

चैत्र नवरात्र

कल से चैत्र नवरात्र पर्व की शुरूआत होगी। इस दौरान नौ दिनों तक मां शक्ति के नौ रूपों की आराधना की जाएगी। देवी मंदिरों में घट स्थापना कर ज्योति कलश भी प्रज्जवलित किए जाएंगे। नवरात्र को लेकर डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी का दरबार सज–धज कर तैयार हो गया है। माता के दर्शन के लिए आने वाले पदयात्रियों के लिए पंडालों में अलग व्यवस्था की गई है, जहां स्वास्थ्यकर्मी चौबीस घंटे अपनी सेवाएं देंगे। पद यात्रियों की सुरक्षा के लिए कल से राजनांदगांव शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह व्यवस्था नवरात्र तक जारी रहेगी।

वहीं, रेलवे प्रशासन ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के दौरान कई ट्रेनों का अस्थाई ठहराव डोंगरगढ़ में दिया है।

रायपुर और रतनपुर के प्रसिद्ध महामाया मंदिर, जांजगीर–चांपा जिले के चन्द्रहासिनी मंदिर और महासमुंद जिले के खल्लारी और चंडी देवी मंदिर सहित प्रदेशभर के अन्य देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र को लेकर लगभग तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उधर, दंतेवाड़ा जिले के दंतेश्वरी मंदिर में इस बार भी श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी मात्रा में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी दी गई है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे और अन्य व्यवस्था भी दुरूस्त की जा रही है।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि, हिन्दू नववर्ष और गुड़ी पड़वा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

भोरमदेव महोत्सव

कबीरधाम जिले में आयोजित भोरमदेव महोत्सव संपन्न हो गया। समापन समारोह में कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव और जिला न्यायाधीश सत्यभामा दुबे भी शामिल हुईं। महोत्सव के समापन के पूर्व भोरमदेव मंदिर में सुबह भगवान शिव का विधिवत महाभिषेक, रूद्राभिषेक और विशेष आरती की गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति, बैगा नृत्य, सारेगामपा की विजेता गायिका इशिता विश्वकर्मा और उनकी टीम ने गीत–संगीत की शानदार प्रस्तुति दी।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

रायपुर की शुभा मिश्रा ने जूट फेब्रिक के उपयोग से चौदह हजार आठ सौ पचास गहने बनाकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। इस उपलब्धि के लिए 'मेरा साथी जनसेवा संस्था'' ने कल रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शुभा मिश्रा को सम्मानित किया।

इस मौके पर आकाशवाणी के सेवानिवृत्त उद्‌घोषक परेश राव, पुलिस अधिकारी और पंडवानी गायिका तरूणा साहू, शिखा विकास चौबे और पायल विशाल को भी सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि शुभा मिश्रा आकाशवाणी केन्द्र रायपुर में छत्तीसगढ़ी समाचार वाचिका भी है।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक—दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

मौसम विभाग के मुताबिक एक चक्रीय चक्रवाती घेरा मराठवाड़ा और उसके आसपास ऊपरी हवा में बना हुआ है। वहीं, उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश से दक्षिण तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश में अधिक मात्रा में नमी आ रही है, जिसके कारण बदली—बारिश की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज—चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

— छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डी.एल.एड. के प्रथम और द्वितीय वर्ष की मुख्य और अवसर परीक्षा की समय—सारिणी घोषित कर दी है। प्रथम वर्ष की परीक्षा आगामी पन्द्रह मई से इकतीस मई तक सुबह आठ से सवा ग्यारह बजे तक और द्वितीय वर्ष की परीक्षा पन्द्रह मई से सत्ताईस मई तक दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित की जाएगी।

— बस्तर के जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर विजय दयाराम के. ने चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शराब पीकर आने वाले दो सहायक शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। वहीं, प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने वाले एक पीठासीन अधिकारी और एक मतदान कर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

— दुर्ग जिले के ग्राम कुथरेल स्थित एक राइस मिल में आज सुबह आग लग गई। अग्निशमन और आपदा प्रबंधन की टीम के घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी तरह जनहानि नहीं हुई है।

— रायगढ़ जिले में धरमजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में चार नाबालिग छात्रों की बीच विवाद के बाद मारपीट की घटना में कक्षा आठवीं के एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग छात्रों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>